आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
8.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.56
सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष सप्तमी 05:01 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082


रविवार, 8 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 75, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



■ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- संघ सत्ता की इच्छा नहीं रखता - 12



■ इलेक्ट्रॉनिक्स आई पी के लिए अमेरिका के साथ काम कर रहा भारत : अश्विनी वैष्णव - 12



■ ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका - 13



■ डेविस कप क्वालीफायर में सुमित नागल पहले एकल मुकाबले में हारे - 14

# अमेरिका से हुआ व्यापार समझौता, भारत के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुला

## ट्रंप ने रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी हटाया, अब सिर्फ 18 फीसदी शुल्क

- भारत अगले 5 साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद विमान और कलपुर्जे आदि खरीदेगा

नई दिल्ली/वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता शनिवार से लागू हो गया। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क घटाएंगे। वहीं, रूस से तेल खरीद पर लगाया गया अतिरिक्त 25% टैरिफ भी अमेरिका ने हटा दिया है। अब भारतीय वस्तुओं पर मौजूदा शुल्क 50% से घटकर 18 प्रतिशत रह जाएगा।



नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल।

समझौते के तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट शामिल हैं। दोनों देशों के एक संयुक्त बयान के मुताबिक, भारत ने अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान और विमान कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोकिंग कोयला खरीदने का इरादा जताया है। बयान के मुताबिक, अमेरिका और भारत को पारस्परिक और द्विपक्षीय रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा तैयार करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रूसी तेल की खरीद पर पिछले वर्ष अगस्त में भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क को हटा दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अंतरिम समझौते से भारतीय निर्यातकों, विशेषकर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए 30,000 अरब अमेरिकी डॉलर का बाजार खुलेगा। इसका कारण भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क पहले के 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगा दिया था। यह पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क के अलावा था। इस वजह से भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया था। इससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ था, क्योंकि अमेरिका उनका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। शुल्क में कमी से वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर, जैविक रसायन, गृह सज्जा, हस्तशिल्प उत्पाद जैसे भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों और कुछ मशीनरी के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

(संबंधित कारोबार पेज पर)

### मेक इन इंडिया को मिलगी मजबूती : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करेगा तथा महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार पैदा करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद भी दिया। मोदी ने कहा, भारत-अमेरिका के लिए बहुत अच्छी खबर। यह रूपरेखा भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, भरोसे और गतिशीलता को दिखाता है।

### इन चीजों पर नहीं लगेगा कोई टैरिफ

चाय, मसाले, कॉफी, नारियल तेल, कोपरा, और वनस्पति मोम जैसे उत्पादों पर अमेरिका में कोई आयात शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा, केले, आम, अमरूद, एवोकाडो, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम, जड़ वाली सब्जियां, अनाज, जौ, बेकरी उत्पाद, कोको उत्पाद, तिल, खसखस और खट्टे फलों के रस जैसे कई फल, सब्जियां और कृषि उत्पाद भी बिना किसी शुल्क के अमेरिकी बाजार में पहुंचेंगे। भारत से करीब 13 अरब डॉलर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में शून्य-शुल्क लगेगा। रत्न और आभूषण निर्यात को भी शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, साथ ही कई अन्य उच्च-मूल्य वाले उत्पाद भी इसमें शामिल हैं।

### भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

अमेरिका 2021-25 के दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का हिस्सा 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। 2024-25 में, द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डॉलर (86.5 अरब डॉलर निर्यात और 45.3 अरब डॉलर आयात) तक पहुंच गया। अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 2024-25 में 41 अरब डॉलर था।

# अमेरिका ने नक्शा जारी कर पीओके और अक्साई चिन को बताया भारत का हिस्सा

वाशिंगटन, एजेंसी

- व्यापार समझौते के बाद भारतीय मानचित्र को किया शेयर

भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इसके साथ ही अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने भारतीय मानचित्र शेयर किया। जिसमें पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है।

यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या ''डॉटेड लाइन्स'' से दिखाया जाता है। इस बार ट्रंप प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है।

इसे पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर ट्रंप की खुशामद में लगे हुए हैं। यहां तक कि शहबाज सरकार ने ट्रंप के गाजा पीस बोर्ड में भी शामिल होने का फैसला कर लिया, जिसका पाकिस्तान में ही विरोध हो रहा है।

### भारत लंबे समय से बता रहा अपना अंग

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख (जिसमें अक्साई चिन शामिल है) और अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग हैं। पाकिस्तान ने 2020 में अपना नया राजनीतिक नक्शा जारी किया था, जिसमें पीओके, लद्दाख के कुछ हिस्से, जूनागढ़, मनावदार और सर क्रीक को अपना बताया था। भारत ने इसे 'राजनीतिक मूर्खता' करार देते हुए खारिज कर दिया था। अब यूएसटीआर का नक्शा पाकिस्तान के दावों को पूरी तरह नकारता है। वहीं, चीन की तरफ से भी यही स्थिति है। अगस्त 2023 में चीन ने अपना 'स्टैंडर्ड मैप' जारी किया था, जिसमें अरुणाचल प्रदेश को 'दक्षिण तिब्बत' और अक्साई चिन को अपना हिस्सा बताया गया था।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, प्यार का उत्सव वेलेंटाइन डे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

संसद को मर्यादित ढंग से चलाने में विश्वास रखती है सरकार : रीजीजू .... (खबर राष्ट्रीय पेज पर)

# दीवार पर लगे कंटीले करंटयुक्त तार से बंदर की मौत, पूर्व विधायक पर रिपोर्ट

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी से विधायक रहे हाजी मुसर्रत अली उर्फ हाजी बिट्टन पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। उनके सहसवान के मोहल्ला शहबाजपुर स्थित कार्यालय की चारदीवारी पर लगे प्रतिबंधित तारों में फंसकर एक बंदर की मौत होने पर पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने मामला दर्ज कराया है। हाजी बिट्टन वर्तमान में समाजवादी पार्टी में हैं।

शहर के मोहल्ला कल्याण नगर निवासी विकेंद्र शर्मा ने तहरीर देकर बताया कि सहसवान नगर के मोहल्ला शहबाजपुर स्थित पूर्व सिनेमा हॉल में पूर्व विधायक हाजी बिट्टन का कार्यालय है। जिसकी चारदीवारी पर प्रतिबंधित ब्लेड वाले तार लगे हुए हैं। जिसमें कथित तौर पर अवैध रूप से करंट छोड़ा गया है। 6 फरवरी दोपहर लगभग चार बजे राष्ट्रीय बजरंग दल संगठन के नगर अध्यक्ष गौरव मौर्य ने उन्हें सूचना दी कि तारों में फंसकर एक बंदर की मौत हो गई है। तारों में करंट आ रहा था। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने पूर्व विधायक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विकेंद्र शर्मा ने बताया कि शासन के सख्त निर्देश के बाद भी प्रतिबंधित तारों को प्रयोग में लाया जा रहा है। पुलिस की अनदेखी की वजह से बेजुबानों की मौत हो रही हैं।



मौत के बाद तार पर लटका बंदर का शव।

- बंदर की मौत के बाद पशु प्रेमी की ओर से दी गई थी तहरीर

# यूपी नीट पीजी काउंसिलिंग में 1533 सीटों पर मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ।** यूपी नीट पीजी-2025 की तीसरी काउंसिलिंग में प्रदेश के सरकारी व निजी कुल 70 मेडिकल कॉलेजों की रिक्त 1533 पीजी सीटों को शामिल किया गया है। मेरिट सूची के आधार पर चिकित्सक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा कॉलेजों के रिक्त सीटों की मेट्रिक्स सार्वजनिक कर दी गई है। जारी मेट्रिक्स के अनुसार 34 सरकारी समेत 70 मेडिकल कॉलेजों में एमडी-एमएस की 1458 सीटें और डीएनबी की 75 सीटों सार्वजनिक की गई हैं। इनमें एनेस्थिसिया, ईएनटी, मेडिसिन, माइक्रोबॉयोलॉजी, आर्थो, मानसिक रोग विभाग, रेडियोलॉजी और सर्जरी विभाग की सीटें शामिल हैं। अभ्यर्थियों को 11 फरवरी तक प्राथमिकताएं देनी होंगी, तत्पश्चात सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे। 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया कॉलेज स्तर पर संपन्न की जाएगी।

# बच्चे से योगी बोले- हम भी तेरे दादा ही लगते हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/यमकेश्वर

- उत्तराखंड के पैतृक गांव पंचूर में बच्चों के बीच उमड़ा 'महाराज' का बालप्रेम
- सीएम ने सुबह गांव में बड़े-बुजुर्गों से हालचाल पूछा, बच्चों को किया दुलार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार सुबह गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान योगी का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। एक बच्चे से बातचीत में बोले कि 'हम भी तेरे दादा ही लगते हैं'।

योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने योगी के साथ सेल्फी भी ली। वे शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले। योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव-विभोर हो गए।



उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिलांतर्गत यमकेश्वर तहसील स्थित अपने गांव पंचुर में बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी।

# बीडा क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

**लखनऊ।** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र के विकास के लिए 23,590 एकड़ भूमि का अधिग्रहण अंतिम दौर में है। इसके साथ ही सरकार ने कुल 56,662 एकड़ भूमि को औद्योगिक विकास के लिए औपचारिक रूप से अनुमोदित कर दिया है। यह फैसला भूमि अधिग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि बुंदेलखंड के आर्थिक और सामाजिक कायाकल्प की नींव के रूप में देखा जा रहा है।

- योगी सरकार का बड़ा कदम, कुल 56,662 एकड़ में किया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार
- बीईएमएल कंपनी का 600 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव, औद्योगिक गतिविधियों को मिलेगी गति

योगी सरकार का लक्ष्य है कि वर्षों से पिछड़े माने जाने वाले इस क्षेत्र को निवेश, रोजगार और औद्योगिक अवसरों का नया केंद्र बनाया जाए। इस औद्योगिक पहल का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) ने बीडा क्षेत्र में लगभग 600 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस परियोजना से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के असर मिलेंगे और पलायन पर प्रभावी रोक लगेगी। इसके तहत सड़क, बिजली, जलापूर्ति, औद्योगिक प्लॉट्स, वेयरहाउसिंग और कनेक्टिविटी जैसी आधारभूत संरचनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि निवेशकों को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का वास्तविक अनुभव मिल सके। बीडा परियोजना का लाभ बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा।

### 100 एकड़ में बनेगा लॉजिस्टिक्स पार्क

बीडा क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए 100 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किया जाएगा। इस परियोजना का निर्माण कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। यह पार्क सड़क व रेल नेटवर्क को जोड़ते हुए माल परिवहन को सुगम बनाएगा, जिससे उद्योगों की लॉजिस्टिक लागत घटेगी, सप्लाई चेन मजबूत होगी और निर्यात क्षमता में भी इजाफा होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### रोशनगंज में निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र ने महानगर क्षेत्र के रोशनगंज में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की स्थिति को देखा, सम्बंधित को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को अति शीघ्र पूर्ण कराएं। निरीक्षण के समय क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

### सीटेट परीक्षा में 429 अभ्यर्थी हुए शामिल

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित ग्राम खानपुर में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल को सीटेट परीक्षा केंद्र बनाया गया था। केंद्र पर 480 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी। इनमें से 429 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 51 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में गैर जिला के परीक्षार्थी भी शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाली पुलिस की टीम तैनात रही।

### प्रधानमंत्री आवास निर्माण के दौरान दो की पिटाई

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर निवासी रिंकी पत्नी स्वर्गीय राम मोहन राठौर को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। सहायता के लिए उसने अपने बहनोई वीरेंद्र राठौर निवासी धर्मपुर थाना कलान और भाई दाताराम राठौर निवासी ग्राम चिलौआ थाना अल्लाहगंज को बुलाया था। पीड़िता के अनुसार शुक्रवार शाम करीब चार बजे पड़ोस के कुछ लोग मौके पर पहुंचे और कहासुनी करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने रिंकी, उसके बहनोई और भाई को लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है।

### दिव्यांग पर चोरी का आरोप लगाकर मारपीट

**कलान, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र के गोपाल नगर सथरी मोड़ निवासी दिव्यांग अरविंद कश्यप के साथ चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की गई। पीड़ित के अनुसार वह बाजार में मोमोज खाने गया था, तभी पड़ोसी युवक शराब के नशे में पहुंचा और रुपए चोरी करने का आरोप लगाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने दिव्यांग के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामीण बलिस्टर को भी पीट दिया गया। दिव्यांग अरविंद कश्यप ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### हिंदू सम्मेलन सनातन और एकता का संदेश

**निगोही, अमृत विचार :** नगर के रामलीला मैदान में श्री बालाजी हिंदू सम्मेलन आयोजित समिति की ओर से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में ब्रह्मकुमारी संस्था की ओर से मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परिवार और समाज संचालन में मां की अहम भूमिका रहती है और भारत को शांति का देश माना जाता है। मुख्य वक्ता राजेश कुमार प्रांत संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद ने हिंदू समाज की एकता पर जोर देते हुए छुआछूत समाप्त करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि महंत सत्यपाल पांडे परशुरामपुरी ने सनातन धर्म की महत्ता बताते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया। सम्मेलन में अभिनव कुमार, अमित कुमार, राजा भईया, भूपेंद्र सिंह, विनय सिंह, तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा, रजनी भानू सिंह, राजीव वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मिनी मैराथन में उमड़ा छात्रों का सैलाब स्वस्थ युवा, समर्थ भारत का दिया संदेश

## अभाविप की मिनी मैराथन में हजारों छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक किया प्रतिभाग, नेहा और जदुराम रहे विजेता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शाहजहांपुर महानगर की ओर से 'खेलो भारत' अभियान के अंतर्गत एक भव्य मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन का आरंभ एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ में जिला भर से हजारों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति का संदेश दिया।

कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच छात्राओं की दौड़ में नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रागनी द्वितीय और रोशनी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं छात्रों की श्रेणी में जदुराम ने प्रथम स्थान हासिल किया। रजत पाल द्वितीय और राहुल पाल तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को समारोह में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। शाहजहांपुर का युवा आज देश की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी पहचान बना रहा है।

मुख्य वक्ता ब्रज प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि स्वस्थ युवा ही समर्थ भारत की नींव रख सकता है। विद्यार्थी परिषद केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि मैदान में पसीना बहाकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम के अंत में महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम टीम, पुलिस प्रशासन और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि परिषद आगे भी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन करती रहेगी।

समारोह में विशिष्ट अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर, कार्यक्रम अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव, विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, महानगर अध्यक्ष डॉ. रानू दुबे, प्रांत खेलो भारत प्रमुख रविकांत शुक्ला, जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आकाश मैसी, महानगर सह मंत्री करन सिंह, महानगर मीडिया संयोजक भानु प्रताप, महानगर एसएफडी सहसंयोजक आर्यन राज, अक्षय सक्सेना, आयुष शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, वैभव खन्ना, अवनीश शर्मा, सत्यभान भदोरिया, श्रुति गुप्ता, नलिनी ओमर, योगेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वैभव सक्सैना की ओर से किया गया।



कार्यक्रम में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार




मिनी मैराथन में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते कैबिनेट मंत्री और सांसद।

## जाति प्रमाण के लिए महिलाएं एसडीएम से मिलीं



संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी समस्या लेकर पहुंची महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

- आजादी के बाद से प्रमाण पत्र न बनने का उठाया मुद्दा
- एसआईआर नोटिस से बढ़ी दिक्कत

**अमृत विचारः** नगर क्षेत्र की महिलाओं ने संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम के समक्ष पहुंचकर अपना और अपने परिवार का जाति प्रमाण पत्र बनवाने की गुहार लगाई। महिलाओं ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक उनके परिवारों का किसी भी प्रकार का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है, जिससे अब गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं।

शनिवार को समाधान दिवस में नगर के मोहल्ला बहादुरगंज की महिलाएं एसडीएम के सामने पेश हुईं। प्रारंभ में एसडीएम ने सामान्य प्रक्रिया के तहत आवश्यक कागजात लगाकर नियमानुसार प्रमाण पत्र बनवाने की बात कही। इस पर महिलाओं ने बताया कि उन्हें एसआईआर के लिए नोटिस प्राप्त हुए हैं, लेकिन जाति प्रमाण पत्र न होने के कारण वे इस प्रक्रिया को पूरा करने में असमर्थ हैं। महिलाओं ने बताया कि उनके परिवारों की जाति शासन की किसी भी सूची में अब तक सूचीकृत नहीं हुई है। जांच में यह बात सही पाई गई। इसके बाद एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अधिशासी अधिकारी को यथासंभव कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम की ओर से अधिशासी अधिकारी को भेजे गए पत्र में 42 महिला और पुरुषों के नाम दर्ज किए गए हैं।

एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि पीड़ित परिवारों की समस्या को समझते हुए अधिशासी अधिकारी को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उन्हें राहत मिल सके और भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक परेशानी न हो।

## त्योहारों को लेकर बनाई संयुक्त रणनीति



ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक में मौजूद पदाधिकारी और ट्रैफिक इंस्पेक्टर।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था पर मंथन

**अमृत विचारः** आगामी त्योहारों के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था और विभिन्न मार्गों पर सुव्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर कार्यालय खिरनीबाग में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने की। बैठक में नव नियुक्त ट्रैफिक इंस्पेक्टर बच्चू सिंह यादव बतौर अतिथि उपस्थित रहे, जिनका स्वागत प्रदेश संयुक्त महामंत्री नारायण दास अग्रवाल ने किया।

बैठक में महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने कहा कि होली, रमजान और ईद जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान बाजारों में जाम की स्थिति न हो, इसके लिए ट्रैफिक विभाग की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि यातायात व्यवस्था ऐसी हो जिससे आवागमन सुचारू रहे और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों। साथ ही विश्वास दिलाया कि नगर की सभी व्यापारिक इकाइयों के प्रभारी अपने-अपने बाजारों के व्यापारियों से वाहनों को सफेद पट्टी के अंतर्गत खड़ा करने का अनुरोध करेंगे, जिससे व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। ट्रैफिक इंस्पेक्टर बच्चू सिंह यादव ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान बाजारों में किसी भी स्थिति में जाम नहीं लगने दिया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे और विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आमजन और व्यापारी दोनों को सुविधा मिल सके। बैठक का संचालन महानगर संगठन मंत्री सरताज अली की ओर से किया गया। बैठक में पचराहा इकाई अध्यक्ष इकबाल खां, सदर इकाई अध्यक्ष पंकज टंडन, ज्ञानचंद, बहादुरगंज अध्यक्ष कंचन गुप्ता, महेंद्र दुबे, अनीस राजा, मुश्ताक अहमद, दिलजाक अध्यक्ष सरताज हुसैन, मोईन खान, जाने आलम, रईस अहमद, रितेश सेठी, मुश्ताक खा बबलू, रवींद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कुल शरीफ के साथ सालाना उर्स का समापन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला एमनजई जलालनगर में मलकों वाली एक मीनार वाली मस्जिद के पास हजरत शहीद दादा मियां के तीन रोजा सालाना उर्स का कुल शरीफ के साथ समापन हो गया। सुबह 10 बजे कुल शरीफ का आगाज हाफिज रियासत उल्ला खां ने तिलावत ए कुरआन से किया। हाफिज मेहराब हुसैन ने तकरीर कर बुजुर्गाने दीन की जिंदगी पर रोशनी डाली। हाफिज मोहम्मद इमरान रजा कादरी ने नात पेश की। इसके बाद कुरआन पाक की आयतें पढ़कर साहिब ए उर्स को ईसाले सवाब करते हुए हाफिज फिरासत उल्ला खां ने मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ की गई।

## शाहजहांपुर रेड ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से शाह क्लब मैदान पर आयोजित शहीद कप महिला क्रिकेट प्रतियोगिता शाहजहांपुर रेड ने जीत ली। फाइनल मैच में शाहजहांपुर रेड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 161 रन बनाए।

अंशिका ने 35 रन, काव्या ने 35 रन, शबनम प्रसाद ने 16 रन, खुशी ने 14 रन बनाए। शाहजहांपुर ब्लू की ओर से अयोध्या राठौर ने 3 विकेट, एंजेल मिश्रा ने दो विकेट, रितिका खन्ना व कप्तान वसुंधरा ने एक-एक विकेट लिया। दूसरी पारी में शाहजहांपुर ब्लू की टीम 100 रन बनाकर आउट हो गई। एंजेल मिश्रा ने 20 रन, मनप्रीत ने 16 रन, वृद्धि ने 15 रन, आराध्या ने 14 रन बनाए। शाहजहांपुर रेड की ओर से काव्या ने तीन विकेट, शिव यादव व वैष्णवी श्रीवास्तव ने एक-एक विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच काव्या रही। प्लेयर ऑफ द सीरीज आराध्या राठौर, बेस्ट बैट्समैन संध्या, बेस्ट बॉलर एंजेल मिश्रा व सफिया संयुक्त रूप से रहीं। विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक ने सम्मानित किया। क्रिकेट एसोसिएशन के कोऑर्डिनेटर मनोज यादव ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अभय सिंह गुर्जर, सौरभ मलिंगा, पंकज तिवारी, अभिषेक शर्मा, फरीद खान, गगन खन्ना आदि उपस्थित रहे।



शहीद कप महिला क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता शाहजहांपुर रेड टीम ट्राफी के साथ। ● अमृत विचार

## रसेम–भौस्टा कला मार्ग का शिलान्यास, वर्षों पुरानी मांग पूरी

**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रसेम से भौस्टा कला तक बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क का ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने शिलान्यास किया। सड़क निर्माण लोक निर्माण विभाग कराएगा।

सड़क बनने से जलालाबाद की दूरी मात्र 2 किमी रह जाएगी। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता ददरौल विधानसभा का समग्र विकास है। उन्होंने क्षेत्र में गोशालाओं, खेल मैदान, बारात घर, महापुरुषों की प्रतिमाओं और भव्य गेटों के निर्माण की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन उपदेश सिंह ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, हरजीत चौहान, श्रीकृष्ण अवस्थी, दीपक अग्निहोत्री, संतोष पाठक, अमन त्रिवेदी, प्रधान अनुज यादव, पूर्व प्रधान लल्लू सिंह, गप्पू त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



रसेम–भौस्टा कला मार्ग के शिलान्यास के दौरान विधायक अरविंद सिंह।

## लाट साहब के जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

संवाददाता, पुवायां



स्कूटी रैली निकालतीं एएसपी भंवरे दीक्षा। ● अमृत विचार

- गांव में निकाली गई स्कूटी रैली शांति बनाए रखने की अपील

**अमृत विचारः** होली पर्व के दृष्टिगत थाना पुवायां क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बड़ागांव में निकलने वाले परंपरागत लाट साहब जुलूस के मार्ग का शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे के नेतृत्व में निरीक्षण किया।

शनिवार सुबह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने जुलूस को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि होली और लाट साहब जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन तैयार है, लेकिन ग्रामीणों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान कोई नई परंपरा नहीं डाली जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थलों की पहचान तथा आवश्यक पुलिस बल की तैनाती को लेकर जायजा लिया गया। संबंधित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के समय थाना पुवायां का पुलिस बल एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

Shri Ram Murti Smarak Trust
SRMS
The Chairman & Members of the Board of Governors
Welcome
Prof. (Dr.) Jai Prakash Pandey
Hon'ble Vice Chancellor
Dr. APJAK Technical University, Lucknow
Presiding Officer
Prof. (Dr.) Pradeep K. Joshi
Chairman
National Testing Agency
New Delhi
Chief Guest
Er. Puja Srivastava
Scientist / Engineer - G
Space Applications Centre, ISRO, Ahmedabad
Alumna, SRMS CET (Batch - 1996)
Guest of Honour
on the occasion of
XXV CONVOCATION
of
B.Tech. | M.Tech. | B.Pharm. | M.Pharm. | MBA | MCA | BA LLB
Shri Ram Murti Smarak College of Engineering & Technology, Bareilly
Shri Ram Murti Smarak College of Engineering, Technology & Research, Bareilly
Shri Ram Murti Smarak International Business School, Unnao
Shri Ram Murti Smarak College of Law, Bareilly
Sunday, February 8, 2026 | 10:30 AM Onwards
Venue : Shri Ram Murti Centennial Auditorium, SRMSCET Campus, Ram Murti Puram, 13 Km. Bareilly-Nainital Road, Bareilly (U.P.)

## फाइलेरिया उन्मूलन को जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञों ने दी रोकथाम और उपचार की जानकारी

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष जन-जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने की, जबकि कॉलेज के डीन एवं प्राचार्य डॉ. रविन्द्र नाथ शुक्ला कर्नल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. इन्तेखाब आलम, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. पूरा, डॉ. आदित्य प्रकाश, डॉ. विनायक एच. कश्यप, डॉ. अतुल सक्सेना सहित समस्त पीजी, ट्यूटर, पैरामेडिकल फैकल्टी, फार्मा फैकल्टी, फॉरेंसिक साइंसेज़ विभाग, एमबीबीएस छात्र और इंटर्न्स मौजूद रहे। बाहरी अतिथियों में जिला मलेरिया अधिकारी राजीव मौर्य, डब्ल्यूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. राहुल, पीसीआई इंडिया एनटीडी की डिविजनल ऑफिसर अनीता सिंह तथा यूनिसेफ के डिस्ट्रिक्ट मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर योगेश शर्मा की उपस्थिति रही। डीन एवं प्राचार्य डॉ. रविन्द्र नाथ शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि फाइलेरिया के प्रति जन-जागरूकता बेहद आवश्यक है और सामूहिक औषधि सेवन कार्यक्रम में सभी की सक्रिय भागीदारी से ही इस रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है और इसके नियंत्रण के लिए मच्छर नियंत्रण के साथ समय पर दवा का सेवन आवश्यक है।

डॉ. राहुल ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तकनीकी और चिकित्सीय पहलुओं पर पावरपॉइंट प्रस्तुति दी, जिसमें रोग की पहचान, उपचार, रोकथाम और राष्ट्रीय कार्यक्रम की रणनीतियों की जानकारी दी गई। अनीता सिंह ने बताया कि फाइलेरिया हाथीपांव और हाइड्रोसील जैसी दीर्घकालिक विकलांगता का कारण बन सकता है। उन्होंने 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए अभियान के दौरान सभी लोगों द्वारा दवा सेवन को आवश्यक बताया। योगेश शर्मा ने जनभागीदारी बढ़ाने और हर व्यक्ति तक जागरूकता संदेश पहुंचाने पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान क्वालिटी मैनेजर शिवानी गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल पैरामेडिकल नेहा गुप्ता और फॉरेंसिक साइंसेज़ फैकल्टी सुनोबिया के मार्गदर्शन में नागेन्द्र सिंह के सहयोग से फार्मेसी और पैरामेडिकल छात्रों ने फाइलेरिया विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से रोग के लक्षण, बचाव के उपाय और सामूहिक औषधि सेवन के महत्व को सरल तरीके से समझाया गया।



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते छात्र।

## न्यूज ब्रीफ

### तिलहर स्टेशन पर ट्रेनों के स्टापेज की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर के समाजसेवी कौशल कुमार गुप्ता ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर तिलहर रेलवे स्टेशन पर गुवाहाटी, त्रिवेणी, जनता एक्सप्रेस आदि ट्रेनों के स्टापेज की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि गुवाहाटी, त्रिवेणी, जनता एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का ठहराव न होने से स्थानीय लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन पर पुल निर्माण और पेयजल व बिजली की व्यवस्था न होने से भी दुश्वारियां हो रही हैं।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत बिगड़ी

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला चौहटियां निवासी राजकुमार की पत्नी रामलली 42 वर्ष को जहरीला पदार्थ सेवन के चलते गंभीर हालत में नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। हालत नाजुक होने पर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार देर रात महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 47 शिकायतें दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार :** तहसील सभागार में फरवरी माह के प्रथम शनिवार को एसडीएम सदानंद सरोज की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में आपूर्ति, राजस्व, पुलिस, वन विभाग से जुड़ी 47 शिकायतें आईं, जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 36 शिकायतें संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश के साथ सौंप दी गईं। एसडीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोजन में क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, आपूर्ति निरीक्षक आलोक, मनीष यादव, जेब लाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रधान का फर्जी लेटर पैड छपवाने पर रिपोर्ट

**खुदागंज/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव रामपुर निवदिया निवासी उवैद आलम ने बताया कि ग्राम पंचायत रामपुर नवदिया का ग्राम प्रधान थाना खुदागंज का है। गांव के रिजवान और हसीन खां ने प्रधान के फर्जी साइन किए और उसके ग्राम प्रधान के फर्जी लेटर पैड छपवा रखे है। साथ ही ग्राम प्रधान की फर्जी मोहर भी बनवा ली है। आरोपी ने जलनिमग में अपना फार्म आवेदन किया है। आरोपी ने मोबाइल नंबर भी फर्जी तरीके से पैड पर डलवा दिया है। आरोप है आरोपी उसके लेटर पैड का फर्जी दुरुपयोग कर रहे है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीतापुर ब्रांच लाइन पर खंभा नंबर 129 के सामने ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक घायल हो गया। जीआरपी ने घायल को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोजा थाना क्षेत्र के गांव मकरंदपुर निवासी 25 वर्षीय शिवा राठौर शाम को सीतापुर ब्रांच लाइन पर रेलवे लाइन पार कर रहा था। अचानक सीतापुर की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर वह घायल हो गया। रोजा जीआरपी और रोजा आरपीएफ घटना स्थल पर पहुंची। जीआरपी ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल तुरंत भिजवा दिया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मिलने पर परिवार वालों में रोना पीटना मच गया। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अवैध प्लाटिंग पर गरजा बुलडोजर

## विकास प्राधिकरण ने सतवां बुजुर्ग में 3 अवैध प्लाटिंग किए ध्वस्त, बाउंड्रीवाल जमींदोज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला में अवैध कॉलोनाइजरों और अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण के गठन के एक वर्ष बाद नए सचिव की तैनाती के साथ ही अवैध निर्माणों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सीमित संसाधनों और कर्मचारियों की संख्या के बावजूद प्राधिकरण यह सुनिश्चित कर रहा है कि उसकी सीमा के अंतर्गत किसी भी स्थिति में अवैध कालोनियां या अवैध प्लाटिंग न होने पाए। इससे शहर का नियोजित विकास सुनिश्चित किया जा सके।



ग्राम सतवां बुजुर्ग में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए विकास प्राधिकरण का बुलडोजर।

- एसडीए सचिव के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई, वसूली की चेतावनी

इसी क्रम में शनिवार को ग्राम सतवां बुजुर्ग में प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्राधिकरण और पुलिस टीम ने राजस्वकर्मियों के साथ मिलकर तीन बड़ी अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। कार्रवाई के दौरान निर्माण और बाउंड्रीवाल तोड़कर जमींदोज कर दी गई। लगभग 30 हजार वर्गमीटर भूमि पर किए गए अवैध भू प्रयोग के विपरीत प्लाटिंग को पूरे अमले की मौजूदगी में ध्वस्त कराया गया। इस कार्रवाई में निगोही थाने के सब इंस्पेक्टर, जूनियर इंजीनियर प्रदीप त्रिवेदी, रमेश चंद्र वर्मा, कनिष्ठ सहायक अपार कपूर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की प्लाटिंग महायोजना के अंतर्गत अनुमन्य भू प्रयोग के अनुसार लेआउट स्वीकृत कराकर ही की जा सकती है। नियमों का उल्लंघन करने पर ऐसी प्लाटिंग को लगातार ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि अवैध प्लाटिंग या निर्माण की पुनरावृत्ति होती है, तो ध्वस्तीकरण में आने वाला पूरा खर्च प्रक्रिया के तहत अवैध कब्जेदार से वसूला जाएगा। साथ ही कालोनियों को मानचित्र स्वीकृति के साथ शर्ताधीन अनुमन्य सुविधाओं का हर हाल में अनुपालन करना होगा।

### 150 में से 50 मानचित्र स्वीकृत किए जा चुके

प्राधिकरण सचिव ने शहरवासियों से अपील की कि किसी भी प्रकार के निर्माण से पहले नियमानुसार मानचित्र अवश्य स्वीकृत कराएं। किसी भी कॉलोनी या लेआउट में प्लॉट खरीदने से पूर्व यह जानकारी जरूर लें कि वह कालोनी नियम संगत रूप से विकसित है या नहीं। अवैध प्लाटिंग या बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण भविष्य में गंभीर परेशानी का कारण बन सकता है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब सवा लाख वर्गमीटर अवैध कब्जा हटवाया जा चुका है। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के बाद 150 मानचित्र पास कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन आए हैं, जिनमें से 50 मानचित्र स्वीकृत किए जा चुके हैं।

### गाली देने के विरोध पर महिला को पीटा

**पुवायां, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम कुइयां निवासी एक महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहसील दिवस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपते हुए प्राथमिकी दर्ज कराए जाने की मांग की है। शिकायत के अनुसार महिला ने बताया 3 जनवरी की रात करीब नौ बजे पीड़िता रीना कुमारी पत्नी आनंद कुमार अपने पति के साथ घर के बाहर थी। इसी दौरान पड़ोसियों द्वारा गंदी-गंदी गालियां दी जाने लगीं। विरोध करने पर आरोप है कि संतोष कुमार, रामपाल, मधुर प्रसाद व अन्य लोग पीड़िता के घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों ने उसकी देवरानी करिश्मा के सिर पर डंडे से वार किया, जिससे उसे गंभीर चोट आई, वहीं शीला देवी के हाथ में डंडा लगने से हाथ टूट गया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने तहसील प्रशासन से मामले में एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 25 हजार का इनामी अक्षय कदम महाराष्ट्र से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भाजपा नेता के होटल पर किया था हमला, पुलिस महाराष्ट्र से लेकर चल दी

**अमृत विचार:** तिलहर पुलिस 25 हजार रुपये का इनामी अक्षय कदम की तलाश में महाराष्ट्र गयी थी। पुलिस ने उसे महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीमें महाराष्ट्र से शाहजहांपुर के लिए आरोपी इनामी को लेकर चल दी है। पुलिस को उसकी बारे में सूचना मिली थी।

बता दे कि 19 दिसंबर को तिलहर क्षेत्र में नगरिया मोड़ पर स्थित भाजपा नेता दिवाकर सिंह के होटल की घटना है। तिलहर कस्बे के अक्षय कदम और योगेश कदम आदि ने भाजपा नेता के होटल में तोड़फोड़ और मारपीट की थी। आरोपियों ने पुलिस कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और धक्का मुक्की की थी। आरोप था गार्ड को कार में डालने का प्रयास किया था। इस घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। पुलिस ने आरोपी अक्षय कदम और अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। मुख्य आरोपी अक्षय कदम अपने अन्य साथियों के साथ फरार हो गया था। एसपी राजेश द्विवेदी ने मुख्य आरोपी अक्षय कदम पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें बनायी गई थी, लेकिन पुलिस की गिरफ्त से इनाम आरोपी फरार है। गुरुवार की शाम वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, यह वीडियो महाराष्ट्र के मुंबई का है।

शादी का कार्ड और एक मैरिज लान सोशल मीडिया पर दिखाया जा रहा है। इनामी आरोपी और दुल्हन का फोटो भी लगा है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना दी कि इनामी आरोपी महाराष्ट्र में गिरफ्तार हो गया है। पुलिस टीमें उसे लेकर तिलहर थाना के लिए चल दी है।

# संस्था ने कराया आर्थिक रूप से कमजोर कन्या का विवाह



खिरनी बाग धर्मशाला में आयोजित विवाह समारोह का दृश्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या का विवाह खिरनी बाग स्थित रामचरन लाल धर्मशाला में संपन्न कराया गया। धर्मशाला को फूलों और रोशनी से सजाया गया था।

देर रात बारात पहुंचने पर जयमाल, द्वारचार और अन्य वैवाहिक रस्में विधिवत संपन्न कराई गईं। आचार्य की ओर से हवन-पूजन के बाद पवित्र अग्नि के साक्षी में फेरे कराए गए। कन्या को गृहस्थी का सामान और उपहार देकर विदाई दी गई।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई की ओर से भोजन और व्यवस्थाएं कराई गईं।सहयोग करने वालों में महिमा शुक्ला, रम्मन गुप्ता, कुमुद गुप्ता, दुर्गा अरोड़ा, गरिमा वाजपेई, वेदप्रभा वाजपेई, संगीता अग्रवाल, डॉ. घनश्याम सिंह, डॉ. मोहन सिंह, मून शर्मा, सोनू अवस्थी, राजेश सक्सेना, लक्ष्मी टेंट हाउस, अतुल मौर्य, छोटू डीजे सहित अन्य रहे।

# आबादी के अनुसार कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में नगर निगम सदन की बैठक महापौर अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रारम्भिक अवशेष 5000.00 लाख रुपये और वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुमानित प्राप्तियां 42586.91 लाख रुपये के साथ 41575.25 लाख रुपये के अनुमानित व्यय का बजट प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों को गति देने के लिए सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, जलापूर्ति और स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं उठाईं। पार्षदों ने आबादी के अनुरूप कर्मचारियों की नियुक्ति, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के संबंध में भी सुझाव दिए। महापौर ने सभी प्रस्तावों और सुझावों पर अमल करने के लिए सहमति जताई।




विकास भवन सभागार में नगर निगम सदन की बैठक में प्रस्तावों व समस्याओं पर चर्चा करते वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना।

बैठक के मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम को वार्डों में आबादी और क्षेत्रफल के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति करनी चाहिए, जिससे सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा सके। उन्होंने महानगर की सड़कों के किनारे, फुटपाथों और नाले-नालियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि यदि अतिक्रमण हटाए जाने के बाद भी दोबारा अतिक्रमण किया जाए या यातायात में बाधा उत्पन्न की जाए, तो कम से कम एक हजार रुपये के जुर्माने की प्रक्रिया अपनाई जाए।

- नगर निगम सदन में 2026-27 का 41575.25 लाख रुपये का बजट पारित
- पार्षदों ने वार्डों की समस्याएं रखीं विकास व अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश

इसके साथ ही उन्होंने महानगर में संचालित गौशालाओं की नियमित मॉनीटरिंग करने और सदन में पारित प्रस्तावों पर गंभीरता से अमल सुनिश्चित कराने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि नाले-नालियों की नियमित और बेहतर सफाई कराई जाए तथा प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। पार्षदों से अपील की गई कि वे अपने वार्डवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुनियोजित ढंग से विकास कार्य कराएं।बैठक में सांसद अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार, ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, कार्यकारिणी समिति के उपसभापति वेद प्रकाश मौर्य, कार्यकारिणी सदस्य और पार्षद, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

**शाहजहांपुर,अमृत विचार:** लखीमपुर खीरी जिले के उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी 60 वर्षीय रामवती गुरुवार की दोपहर बाद खेत पर जा रही थी। उसका खेत उचौलिया रेलवे क्रासिंग के पार था। वह रेलवे क्रॉसिंग पार कर रही थी। सीतापुर की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पर रोजा जीआरपी चौकी और घायल महिला बेटा रामप्रसाद मौके पर पहुंच गया।

जीआरपी ने घायल महिला को मेडिकल कालेज भेज दिया। डाक्टर ने घायल महिला रामवती को मृत घोषित कर दिया। मृतका के बेटे ने बताया कि उसके पिता की कई साल पहले मौत हो गयी है। मृतका के दो बेटी है और शादी शुदा है और एक बेटा रामप्रसाद है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# लोकप्रिय नेताओं की कार्यशैली को पढ़ें और उनके आचरण से सीखना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के चल रहे प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम के पांचवे दिन "स्व-प्रेरणा की तकनीकें" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली की इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ प्रिया सक्सेना ने कहा कि लोकप्रिय नेताओं के कार्यशैली को पढ़ना चाहिए. और उनके आचरण से सीखना चाहिए.। अपने व्याख्यान में उन्होंने आंतरिक प्रेरणा, लक्ष्य पर एकाग्रता, अनुशासन और सकारात्मक सोच को सफलता की मूल कुंजी बताते हुए कहा कि ये तत्व न केवल निरंतरता बनाए रखते हैं, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तिगत नेतृत्व विकास क्षमता में भी सहायक होते हैं।



स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के वाणिज्य विभाग में चल रहे प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ . प्रिया सक्सेना का पटका भेंटकर स्वागत करतीं डॉ . बरखा सक्सेना।

- वाणिज्य विभाग में प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का चौथा दिन

उन्होंने आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया।अपने संबोधन में उन्होंने स्व-प्रेरणा की व्यावहारिक तकनीकों पर भी प्रकाश डाला।

डॉ. प्रिया ने टालमटोल की प्रवृत्ति को त्यागने, अच्छी आदतों के निर्माण, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जीवन में आने वाली चुनौतियों और असफलताओं के समय स्वयं को प्रेरित रखने के उपाय बताए। इससे पूर्व जागृति गुप्ता ने चन्दन तिलक व डॉ बरखा सक्सेना ने पटका पहनाकर डॉ प्रिया का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रो. अनुराग अग्रवाल, डॉ शिवानी भारद्वाज, डॉ कमलेश गौतम, डॉ बलवीर, डॉ आशीष गोयल, डॉ केशव, बृजलाली, पोथी राम सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, डॉ मोहनी शंकर आदि उपस्थित रहे।

### स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसओजी, सर्विलांस सेल व थाना सिंधौली की संयुक्त पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 119 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है।

पुलिस की संयुक्त टीम को शनिवार की सुबह चना मिली कि कोरोकुइया के पास दो मादक पदार्थ तस्कर खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी करके दो तस्कारों गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए तस्कर मोबीन खान निवासी डेलखेड़ा थाना निगोही और मोहम्मद हसीन खां निवासी फरीदापुर थाना इज्जतनगर जिला बरेली है। पुलिस ने 119 स्मैक, 1810 रुपये बरामद की है। पुलिस ने दोनों तस्करों को चालान कर दिया। टीम में एसओजी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, उप निरीक्षक नरगेश कुमार, अजीत सिंह आदि स्टाफ शामिल रहे।

# गोदान फिल्म व संग्रहालय से छात्रों ने ली प्रेरणा



शहीद संग्रहालय में विद्यालय के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के तत्वावधान में छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। करीब 300 छात्र-छात्राओं को अंबा सिनेप्लेक्स में गोदान फिल्म दिखाई गई, जो गौ रक्षा और ग्रामीण संस्कृति पर आधारित रही।

इसके बाद छात्रों ने कैंट स्थित शहीद संग्रहालय का भ्रमण किया, जहां उन्हें शहीदों के बलिदान और इतिहास की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं।

प्रबंधक राकेश अग्रवाल और अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना ने भी विचार रखे।

# लापता बहनों की बरामदगी में नया खुलासा

संवाददाता, तिलहर

- जालंधर में संरक्षण देने वाले युवक पर दुष्कर्म का आरोप
- कोर्ट में दिए बयानों से हुआ घटना का पर्दाफास

**अमृत विचार:** लापता हुई दलित नाबालिग चचेरी-तहेरी बहनों की बरामदगी के बाद मामले में नया मोड़ सामने आया है। पुलिस जांच के दौरान किशोरियों ने जालंधर में उन्हें संरक्षण देने वाले एक व्यक्ति पर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है, जिससे विवेचना में जुटी पुलिस की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

पुलिस के अनुसार 29 दिसंबर की सुबह नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी दलित दो नाबालिग चचेरी-तहेरी बहनें स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थीं, लेकिन इसके बाद रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थीं। सीसीटीवी कैमरों की जांच में दोनों को नगर के मुख्य बाजार से बाईपास चौराहे के पास एक ई-रिक्शा में बैठकर जाते हुए देखा गया था।

पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने कई युवक-युवतियों से पूछताछ भी की थी। घटना के 22वें दिन कोतवाली पुलिस ने नाटकीय ढंग से दोनों किशोरियों को बरामद कर लिया था। बरामदगी के बाद दोनों को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया, जहां उनका मेडिकल कराया गया और बाद में कोर्ट में उनके बयान कलमबंद कराए गए।

विवेचक एसआई नेपाल सिंह ने बताया कि कोर्ट में दिए गए बयानों के अवलोकन में किशोरियों ने जालंधर में अपने घर में संरक्षण देने वाले शनि नामक युवक पर उन्हें बंधक बनाकर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि बयानों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले में सुसंगत धाराओं में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला समेत दो लोगों ने फंदे से लटक कर दी जान

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग स्थानों पर महिला समेत दो लोगों ने कमरे में पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर जान दे दी है। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जाता है।

जलालाबाद और रोजा क्षेत्र का मामला है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव नगरिया बुजुर्ग निवासी 28 वर्षीय रानी पत्नी रजनीश ने शुक्रवार की शाम एक कमरे में कुंडे से साड़ी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। पुलिस ने शव को नीचे उतार लिया। उसका मायके हरदोई में था। परिवार वालों ने शव का पंचनामा कराने से मना कर दिया।

पुलिस ने शव को पंचनामा भरके परिवार वालों को सौंप दिया। रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी सुनील कुमार शुक्रवार की रात खाना खाया और एक कमरे में सोने के लिए चला गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। बताते है कि घरेलू कलह को लेकर उसने फांसी लगायी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

REQUIREMENT
Junior Copy Editor/Junior Copy Writer
Marketing Executive
Working Location
• Lucknow • Bareilly
• Moradabad • Rampur
• Haldwani • Rudrapur • Kashipur
Experience : 1-2 years
(Freshers can also apply)
Salary : As per qualification
If you want to build a career in the media, this is the right opportunity for you.
Send your CV :
head.hr@amritvichar.com
9220796663
अमृत विचार
H.O. : Near Satellite Bus Stand, Pilibhit bypass Road, Bareilly

# कृषि और शिक्षा को मजबूत आधार देने वाला है केंद्रीय बजट : शाक्य

## मध्यम वर्ग, एमएसएमई और कृषि को मिलेगा इस बार के बजट से बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बजट 2026 पर पत्रकारों से चर्चा करते क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य।

- जिला सहकारी बैंक में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की पत्रकार वार्ता

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक मुख्यालय स्थित नमो सभागार में क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने बजट 2026 को लेकर पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट के प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से अपने विचार रखे और इसे देश के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से 53.47 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया है, जिसमें विकास को गति देने वाली कई अहम घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि नई कर व्यवस्था के तहत आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दी गई है, जिससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किए जाने से छोटे और मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री धन-धन्य कृषि योजना शुरू की जाएगी, जिसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना है। इसके अलावा बायोफार्मा क्षेत्र में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रावधान किया गया है, जिससे बायोलॉजिक दवाओं और बायोसिमिलर के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर दुर्विजय शाक्य ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्वास्थ्य बजट में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, जबकि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के बजट में 67.66 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

शिक्षा क्षेत्र पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8 से 9 प्रतिशत अधिक है। स्कूली शिक्षा के लिए 83,562 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं, जिसमें 68,805 करोड़ रुपये स्कूली शिक्षा और 37,453 करोड़ रुपये समग्र शिक्षा अभियान के लिए रखे गए हैं। उच्च शिक्षा के लिए 55,727 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही नए कॉलेज और गर्ल्स हॉस्टल खोलने की घोषणा से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार होगा।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बजट 2026 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। बजट के प्रावधानों से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सांसद अरुण सागर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

संवाददाता, पुवायां

- तहसील पुवायां में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**अमृत विचार:** शनिवार को तहसील पुवायां परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, उपजिलाधिकारी पुवायां, क्षेत्राधिकारी पुवायां एवं तहसीलदार पुवायां ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील क्षेत्र से आए फरियादियों की विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों और समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया और विभागवार अवलोकन कर कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष लंबित प्रकरणों के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

एसपी ग्रामीण ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याएं सही तथ्यों के साथ और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप प्रस्तुत करें, ताकि समय से समाधान संभव हो सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक थाना सिंधौली, प्रभारी निरीक्षक थाना बंडा, थानाध्यक्ष खुटार, अपराध निरीक्षक थाना पुवायां सहित राजस्व, विकास, विद्युत, ग्राम पंचायत, आपूर्ति आदि विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जलालाबाद में 29 शिकायतें दर्ज

**जलालाबाद, अमृत विचार :** तहसील जलालाबाद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में अवैध कब्जा, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन से संबंधित 29 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए। भूमि विवादों के मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

# महानगर अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि



सपा कार्यालय में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महानगर, जिला और नगर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष और पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने की। बैठक में सपा अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष अनिल दास के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में अवधेश कुमार वर्मा, रंणजय सिंह यादव, अनवर अली, विजय सिंह, रामसूरत यादव, सैयद रिजवान अहमद, रामकुमार भोजवाल, सूचि कश्यप, लखन प्रताप सिंह, मुनेंद्र पाल सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रमाबाई अंबेडकर त्याग और धैर्य की प्रतिमूर्ति थीं


माता रमाबाई अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रमाबाई अंबेडकर की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार :** अशोक विहार, निगोही रोड स्थित सम्राट अशोक पार्क के निकट लाइब्रेरी में माता रमाबाई अंबेडकर जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस दौरान पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि माता रमाबाई अंबेडकर त्याग और धैर्य की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अत्यंत अभावों में रहकर भी बाबा साहब का संबल बनाए रखा। एसपी कॉलेज प्रवक्ता ज्वाला प्रसाद ने कहा कि माता रमाबाई का जीवन केवल एक पत्नी का नहीं, बल्कि एक मूक क्रांति का नाम है। बेसिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि आज की पीढ़ी को माता रमाबाई के संघर्षों को पढ़ने की जरूरत है। उनके पदचिन्हों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर वाणिज्य प्रवक्ता बुधपाल सिंह ओसीएफ इंटर कॉलेज के शिक्षक मातादीन वर्मा, विनोद सम्राट, रितेंद्र कुमार, मुकुल गौतम, सर्वेश कुमार, संजीव कुमार, मोहम्मद इमरान, इंद्र प्रताप सिंह आदि ने भी विचार रखे।

### हादसे में बच्ची की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पीलीभीत जिले के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव मदाना निवासी 8 साल की सोनी देवी अपने परिवार के साथ ढाई घाट मेला देखने के लिए जा रही थी। 30 जनवरी को तिलहर थाना क्षेत्र के गांव जनियुरी गांव के सामने आटो रुकने पर बच्ची लघुशंका के लिए उतरी थी। सड़क पार करते समय कार ने बच्ची को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। चालक कार लेकर फरार हो गया था। घायल बच्ची को मेडिकल कालेज ले गए। डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया था। जहां शुक्रवार की रात बच्ची की मौत हो गयी।

## गोकशी के लिए ले जाए जा रहे पशु बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गोकशी के खिलाफ अभियान के तहत गौ रक्षक दल ने बरतारा के पास एक डीसीएम को रोककर 11 गाय और तीन बछड़े मुक्त कराए। अमानवीय ढंग से ढुलाई किए जाने के कारण एक बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। इससे लोगों में आक्रोश फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पशुओं के पैर बंधे थे और उन्हें बिना चारा-पानी के ले जाया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पशुओं को पंजाब से बनारस ले जाया जा रहा था। सूचना पर रोजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डीसीएम को कब्जे में लेकर जीवित पशुओं को सल्लिया गौशाला भिजवाया। गौ रक्षक दल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## इलाज के बाद घर लौट रही किशोरी की मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** गंगा स्नान से लौटते समय घायल हुई आठ वर्षीय किशोरी की इलाज के बाद घर लौटते समय मौत हो गई।

30 जनवरी की रात सुरेश चंद की पुत्री सोनी सड़क किनारे बैठी थी। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल किशोरी को पहले नगर सीएचसी और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। यहां से हालत बिगड़ने पर परिजन उसे केजीएमसी लखनऊ ले गए थे। गुरुवार रात लगभग 12:30 बजे गांव खानपुर के पास उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। तिलहर सीएचसी लाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं कल से

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुंशी, मौलवी सेकेंडरी एवं आलिम सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाओं की तैयारी पूर्ण

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी सेकेंडरी एवं आलिम सीनियर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाएं 9 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, नकलविहीन एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षाओं के आयोजन के लिए कुल तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से दो सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। इनमें जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है।

उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल नियंत्रण के लिए एक सचल दल का भी गठन किया गया है। सचल दल के प्रभारी वक़्फ़ निरीक्षक के. एम. शर्मा को बनाया गया है, जो परीक्षा अवधि के दौरान लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर नजर रखेंगे।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षाएं पूरी तरह नकलविहीन एवं अनुशासित वातावरण में कराई जाएंगी।

परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक प्रपत्र, उत्तर पुस्तिकाएं, उपस्थिति पत्रक एवं अन्य व्यवस्थाएं समय से उपलब्ध करा दी गई हैं। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने परीक्षार्थियों से समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचने तथा परीक्षा संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की है।

# हिंदू सम्मेलन में की गई सामाजिक एकता पर चर्चा

**जैतीपुर, अमृत विचार:** गढ़िया रंगीन में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता सुरभि राठौड़ ने समाज में मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला और पांच परिवर्तनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अर्पित भामाशाह ने विकसित भारत और चुनौतियां विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रभात सहाय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने की जानकारी दी।

देव धाम नौसेरा के पीठाधीश्वर स्वामी सत्यदेव महाराज ने ''हिंदुत्व एवं हिंदू जागरण'' विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को हिंदुत्व के विभिन्न पहलुओं और उसके महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन खण्ड कार्यवाह ज्योति प्रसाद ने किया। इस मौके पर वंश, अनमोल, अगरपाल, संजीव, पवन, नीलेश, ज्ञानेश्वर, सोनू निरभान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
- ब्रेन हैमरेज
- स्लिप डिस्क
- ब्रेन ट्यूमर
- मिर्गी का दौरा
- गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
- रीढ़ की चोट, टी.बी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- कमर दर्द, कंधों में दर्द
- पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
- सिर की चोट (हेड इंजरी)
- हाथ पैरों में झनझनाहट
- फालिज (लकवा)
- नसों का दर्द
- सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
- दिमागी में पानी व खून जमना
- दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन

Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग
श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र रजत शर्मा पुत्रवधू राजकुमारी कश्यप को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सीमा देवी पत्नी शिवनन्दन शर्मा निवासी ग्राम फूलपुर डुन्डाशुमाली थाना तह. बहेड़ी, जिला बरेली**

**परिचय सम्मेलन**
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्रीमती अमिता गुप्ता पुत्री स्व.ब्रजेश कुमार गुप्ता 4.12.2016 से लापता है, को अंतिम सूचना दी जा रही है की अन्दर मियाद के अनुसार स्वयं या किसी मार्फत अपनी उपस्थिति की जानकारी दें, अन्दर मियाद के बाद कोई भी हक, अधिकार, स्वामित्व, आदि सूचना दाता की सम्पति पर स्वत: समाप्त माना जायेगा और सूचनादाता एकल समस्त सम्पति का अधिकारी होगा। **विश्व मोहन गुप्ता, 739 शिवनगर, मढ़ीनाथ जिला बरेली।**

**सूचना**
मेरे हाईस्कूल की सनद में त्रुटिवश मेरा नाम शकीब उद्दीन पुत्र खलीक उद्दीन (SHAQEEV UDDIN S/O KHALIK UDDIN) जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में नाम शकीब उद्दीन पुत्र खलीक उद्दीन (SHAQEEB UDDIN S/O KHALEEK UDDEEN) दर्ज है जो सही है, कृपया सही नाम दर्ज किया जावे। शकीब उद्दीन पुत्र खलीक उद्दीन निवासी जामा मस्जिद 123 मोहल्ला मिर्धान कस्बा व तहसील फरीदपुर जिला बरेली।

**आवश्यकता है**
अनुभवी व्यक्तियों की
- आयुष्मान मित्र
- पी.आर.ओ.(पब्लिक रिलेशन ऑफिसर)
- कंप्यूटर ऑपरेटर
- सिक्यूरिटी गार्ड
- कुक (रसोइया)/कुक हेल्पर

वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरूण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30 बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

**बिकाऊ है**
225 गज मकान
कॉर्नर का पूर्वमुखी
आशीष रॉयलपार्क फेस-2, इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें- बरेली
मो. 9897211014

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# स्टेट टीम के क्रास मूल्यांकन में जिला अस्पताल पास

## एनएचएम की सात सदस्यीय टीम ने ओपीडी और आईसीयू देखा, जिला अस्पताल में कम दिखी स्वच्छता, गंदगी दूर करने के निर्देश


निरीक्षण करने वाली टीम के अधिकारियों के साथ डाक्टर और सीएमएस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** एनएचएम (नेशनल हेल्थ मिशन) की स्टेट टीम शनिवार को मूल्यांकन करने के लिए जिला अस्पताल पहुंची। टीम ने पिछले बार की गयी निरीक्षण को क्रास चेक कर अस्पताल में गंदगीमुक्त वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। टीम ने ओपीडी और आईसीयू सहित अनेक स्थानों पर गहन निरीक्षण किया। पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग की एक टीम जिला अस्पताल पहुंची थी। टीम में गाजियाबाद, हाथरस और अलीगढ़ के स्वास्थ्य अधिकारी शामिल थे।

टीम ने जिला व महिला अस्पताल में निरीक्षण कर शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। उक्त निरीक्षण के बाद शनिवार को एनएचएम की एक टीम फिर जिला अस्पताल पहुंची। टीम में शामिल लखनऊ के डा.शहजाद ने सबसे पहले पैथोलॉजी लैब को निरीक्षण किया। उसके बाद इमरजेंसी वार्ड में मरीजों से पूछताछ की। उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बात की। टीम ने ओपीडी में बैठे डाक्टरों से बात की। लाइन में लगे मरीजों से पूछा कितनी देर से खड़े हो। कैसी दवा मिल रही है। मरीजों से बात करने के बाद आईसीयू में टीम ने गहन निरीक्षण किया। मरीजों को दी जाने वाली तत्काल सेवा के बारे में बात की। टीम के साथ हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. रियाज हुसैन रहे।

### सुरक्षा को लेकर दी हिदायत

टीम ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीएमएस डा. अमित वार्ष्णेय को निर्देशित किया कि मुख्य गेट से लेकर अस्पताल के अंदर तक बेवजह घूमने वालों से पूछताछ की जाए। मरीजों की भीड़ न लगने दी जाए। जिससे कोई अप्रिय घटना न घट सके। सुरक्षा को लेकर किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए।

टीम में शामिल एडी हेल्थ के स्वास्थ्य अधिकारियों ने जिला अस्पताल परिसर में भ्रमण कर नीचे लटक रहे बिजली के केबलों को ठीक कराने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में इधर उधर खड़े वाहनों को पार्किंग में खड़े कराने के निर्देश दिए।कहा कि बीच रास्ते में जो वाहन खड्डे हैं उनसे एम्बुलेंस और मरीजों के निजी वाहनों को आने जाने में दिक्कत होती है। इसलिए बेतरतीब वाहन न खड़े किए जाएं।

> जिला अस्पताल में शनिवार को एनएचएम टीम ने क्रास निरीक्षण किया। कहीं कुछ खामी सामने नहीं आयी है। गंदगी को लेकर कुछ निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था भी संतोषजनक पायी गयी है। उक्त टीम में शामिल स्वास्थ्य अधिकारियों ने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया है।
>
> -डा. अमित वार्ष्णेय, सीएमएस

# जिला अस्पताल में पकड़ा फर्जी डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शनिवार को डॉक्टर ओपीडी में मरीजों को देख रहे थे। उसके बाद अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों को देखा गया, मरीजों के परिजन डॉक्टरों से दवा लिखाने लगे। इसी बीच पुरानी इमरजेंसी में एक युवक एप्रन पहन कर मरीजों से बात करने लगा। क्या बीमारी है। कहां से आए हो। कब से भर्ती हो।

मरीजों को कुछ शक हुआ तो इधर उधर धूम रहे लोगों को इसके बारे में जानकारी दी गयी। लोगों ने उसे पकड़ लिया। और पकड़ कर पूछताछ की गयी। तो वह हड़बड़ा गया। उसने भागने का प्रयास किया तो लोगों ने उसकी पिटाई लगा दी। हंगामा होने पर भीड़ जुट गयी। मरीज और उनके तीमारदार युवक को पकड़ सीएमएस के कार्यालय में लेकर गए। जहां सीएमएस ने सुरक्षाकर्मियों को बुलाकर पूछताछ करने को कहा। पूछताछ ने युवक ने अपना नाम सूर्यकांत


अस्पताल में बैठा कथित फर्जी डाक्टर।

निवासी मुर्गरा जरासी बताया। युवक ने बताया कि वह आज ही आया है। उसका एक परिचित युवक यहां पर काम करता है उसकी एप्रन पहन ली है। इस पर सुरक्षाकर्मियों ने भी युवक को पीटा। उसके बाद कमरे में बिठा दिया गया। सीएमएस डा. अमित कुमार ने बताया कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है। उसने अपने किसी परिचित की एप्रन पहन ली है। पूछताछ में उसने अपना नाम पता भी बताया है। अब सुरक्षाकर्मी अपने स्तर से युवक से पूछताछ कर रहे हैं। वह यहां पर न तो डाक्टर है और न ही कर्मचारी है। युवक के खिलाफ अभी कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गयी है। उसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया।

- **एप्रन पहन के मरीजों से कर रहा था बात, लोगों ने पकड़ कर किया सीएमएस के हवाले**

### बाहरी युवक एप्रन पहन कर करते हैं काम

जिला अस्पताल में इस तरह के पहले भी कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं। कई बाहरी युवक एप्रन पहन कर वार्डों में काम करते हैं। उनकी शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही नहीं की गई है। कुछ युवतियां भी बाहरी हैं जो काफी अरसे से काम कर रहीं हैं। लेकिन इस पर कभी कार्यवाही नहीं की गयी।

# घर पर सोई युवती लापता, युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**विजय नगला, अमृत विचार :** परिवार के साथ घर पर सो रही युवती लापता हो गई। परिजन ने गांव के एक ही युवक पर उसे बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके युवती की तलाश शुरू कर दी है।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि छह फरवरी की रात उनकी 18 साल की बेटी परिवार के साथ घर पर सो रही थी। उनकी पत्नी पास में सोई थी। आधी रात उनकी पत्नी जागी तो बेटी चारपाई पर नहीं थी। बेटी का कुछ देर तक इंतजार किया कि हो सकता है वह शौच को गई लेकिन वह काफी समय तक वापस नहीं लौटी। सुबह को रिश्तेदारी में पता किया। आसपास जंगल में जाकर तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। जानकारी करने पर पता चला कि गांव में उनके पास में रहने वाला युवक उनकी बेटी पर गलत नजर रखता था। वह बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने आरोपी गोविंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**विजय नगला, अमृत विचार :** शनिवार दोपहर लगभग तीन बजे बिनावर क्षेत्र के गांव इकराम नगर गोटिया और मलगांव फाटक के पास ट्रेन से कटकर गांव उझौली निवासी धीरेंद्र (35) पुत्र जगदीश की मौत हो गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस हादसा स्थल पर पहुंची। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे। उन्होंने बताया कि धीरेंद्र बदायूं में मजदूरी करते थे। बताया जा रहा है कि वह पैदल गांव आ रहे होंगे। किसी तरह ट्रेन की चपेट में आ गए होंगे। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### एसपी सिटी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**उझानी, अमृत विचार :** एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कोतवाली उझानी का वार्षिक निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना की स्थिति देखी। अभिलेख भी चेक किए। कुछ कमियां भी नजर आईं। उन्होंने उझानी कोतवाल प्रवीण कुमार से कमियों को दूर करने को निर्देश किया। जिसके बाद एसपी सिटी ने पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया।

### चोरी के माल के साथ आरोपी पकड़ा

**बदायूं, अमृत विचार :** बिनावर पुलिस ने चोरी करने के आरोपी गांव पुठी सराय निवासी विजय वीर उर्फ बाबासाय पुत्र प्रहलाद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी किए गए बर्तन, छोटा गैस सिलेंडर और एक कट्टे में कपड़े बरामद किए। आरोपी को जेल भेजा गया है।

### पंकज शर्मा बने आसफपुर सीएचसी के एमओआईसी

**बिसौली,अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले वर्ष दिसंबर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर आए पंकज शर्मा शुक्रवार को आसफपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के तौर से स्थानांतरित किए गए, वहां इस पद पर मौजूद डॉक्टर हिमांशु को वहीं मेडिकल ऑफिसर का पद दिया गया है। पंकज शर्मा अभी कुछ समय पहले गर्भवती महिलाओं के सिजेरियन संबंधी एक प्रशिक्षण भी लेकर आए थे बिसौली में अब इस कार्य के लिए इसको ऑन काल बुलाया जाया करेगा। डा. पंकज शर्मा पूर्व में भी आसपुर में इस पद पर रह चुके हैं आसफपुर से ही बिसौली मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर आए थे लेकिन कुछ समय बाद विभागीय कारणों से इनको मेडिकल ऑफिसर बनाया गया और इनका पद बिल्सी से आए अरविंद वर्मा को दिया गया।

# नाबालिग को बहलाकर ले जाने के दोषी को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **न्यायाधीश ने 10 हजार रुपये लगाया जुर्माना, अदा न करने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास**

**अमृत विचार :** नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने दोषी पाते हुए सात साल की कैद समेत 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का आदेश दिया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी मुकदमा ने कोतवाली बिल्सी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 अप्रैल 2018 को उनकी 14 साल की बेटी घर पर अकेली थी। वह और उनके पति खेत पर गेहूं की फसल की कटाई करने गए थे। शाम लगभग सात बजे शिवम, दीपू, अमरजीत और रामौतार बाइक से उनके घर पर आए। उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गए। खेत से वापस लौटने पर उन्हें जानकारी हुई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। कोर्ट में फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव आसफपुर निवासी रामौतार पुत्र भीमसेन पर नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद उसे दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# जादू-टोना करने के शक में महिला को पीटकर किया घायल

**विजय नगला, अमृत विचार :** जादू टोना के शक में एक गांव के लोगों ने महिला के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस जांच कर रही है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव तकीपुर निवासी प्रवेंद्र यादव पुत्र लटूरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी श्यामवीर, महावीर झगड़ालू किस्म के हैं। उन्हें घर की एक बच्ची पर जादू टोना किए जाने का शक है। वह प्रवेंद्र की मां पर शक करते रहते हैं। जिसके चलते आए दिन गाली-गलौज करते हैं। आरोप है की 5 फरवरी को शाम करीब छह बजे उन्होंने जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए उनकी मां के साथ मारपीट की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंच गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# खराब गुणवत्ता पर ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्टेड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **छह सड़का से गांधी ग्राउंड तक सड़क का 7 दिन में पूरा करें काम वर्ना जब्त होगी जमानत राशि**
- **वार्ड 21 में आश्रम की पुलिया से रोजा तक सड़क व नाली निर्माण की गुणवत्ता खराब**

**अमृत विचार :** शहर के विकास और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के लिए नगर पालिका परिषद, बदायूं की चेयरमैन फात्मा रजा और और अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने सख्त रुख अपनाया है। छह सड़का से गांधी ग्राउंड स्थित शिव मंदिर के आगे बन रही सीसी सड़क का निर्माण निर्धारित समय में नहीं कराया गया। ईओ ने ठेकेदार को नोटिस दिया है कि सात दिनों में मानक के अनुरूप निर्माण कार्य पूरा करें। वर्ना कार्रवाई होगी। वहीं वार्ड 21 में निर्माण गुणवत्ता खराब होने पर जांच कराई जाएगी। सात दिनों में निर्माण पूरा न करने और गुणवत्ता खराब मिलने पर दोनों ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत स्वीकृत इस सड़क निर्माण का काम नगर पालिका ने हुसैन पुख्ता के मैसर्स माहेश्वरी ट्रेडर्स के प्रोराइटर मनोज कुमार को 25 अप्रैल को दिया था। जिसके अंतर्गत 24 जून 2025 तक निर्माण कार्य पूरा किया जाना था। जो अभी तक अधूरा है। नगर पालिका कार्यालय से सात नवंबर को नोटिस जारी करके कार्य को तत्काल गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने, जियो टैगिंग फोटोग्राफ उपलब्ध कराने को कहा था। इसके बाद भी निर्माण कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया। निर्माण कार्य में देरी और गुणवत्ता खराब होने की वजह से राहगीरों खासे नाराज थे। नगर पालिका से शिकायत की जा रही है। ठेकेदार को सात दिनों का समय दिया गया है। ईओ ने चेताया है कि निर्धारित समय में काम पूरा न होने पर अनुबंध की शर्त संख्या 13 के अनुसार सड़क का दोबारा निर्माण कराया जाएगा। ठेकेदार की जमानत की धनराशि जब्त करते हुए ब्लैकलिस्टेड करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। वहीं वार्ड 21 में 15वें वित्त आयोग मद से स्वीकृत आश्रम की पुलिया से रोजा के पास बन रही सीसी सड़क और नाली निर्माण के कार्य पर सवाल उठे। यह निर्माण कार्य ठेकेदार फुरकान अली करा रहे हैं। वार्ड के सभासद आशीष कश्यप ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं कराया गया और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। जिसके कारण सड़क कई स्थानों पर खराब हो गई है और गड्ढे बन गए हैं। नगर पालिका ने अवर अभियंता सिविल अमन कुमार से कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने को निर्देशित किया है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। ठेकेदार को पहले भी दो बार नोटिस जारी किया जा चुका है लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ। ठेकेदार को चेतावनी दी गई है कि काम मानक के अनुरूप नहीं मिला तो सड़क दोबारा बनवाई जाएगी। निर्माण कार्य की रिकवरी करते हुए ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए रिपोर्ट दर्ज होगी।


फात्मा रजा, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद, बदायूं।

अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने बताया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनहित से जुड़े कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।

# जनपद में शीत गृह उद्योग का विस्तार

संवाददाता, बिसौली


नए कोल्डस्टोर के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आलू किसानों की सहूलियत के लिए जनपद में कुल 130 शीत ग्रह हैं। जिसमें इस वर्ष 30 और अपनी सेवा देने को जुड़ जाएंगे इससे आलू किसानों को सीधे तौर से लाभ मिलेगा। इस उद्योग को सभी सहूलियत देने में सरकार कोई कोताही नहीं बरत रही है। अब आलू के किसान अपनी पैदावार को सही मूल्य मिलने तक रोक सकेंगे, जिससे उनका औसत लाभ बढ़ने की पूरी संभावना है।

जनपद में शीत गृह उद्योग सबसे अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे किसान और जनपद के राजस्व में इजाफा हो रहा है। पिछले वर्ष तक जहां इन कोल्ड स्टोरेज की संख्या जनपद में 130 थी, वहीं इस वर्ष आलू सीजन से पूर्व इसमें 30 और जुड़कर अपनी सेवा देने को तैयार हैं। प्रत्येक कोल्ड स्टोर की न्यूनतम भंडारण क्षमता एक लाख पैकेट की है। जनपद के शुरू होने वाले 30 नए कोल्ड स्टोरेज में से 25 केवल बिसौली तहसील क्षेत्र में हैं। विकासखंड बिसौली,आसफपुर,और इस्लामनगर में आलू की पैदावार सबसे अधिक रहती है, पिछले वर्ष तक बिसौली क्षेत्र में 60 कोल्ड स्टोर थे और अब ये संख्या लगभग 85 होने वाली है। इससे आलू का किसान राहत महसूस कर रहा है। बिसौली क्षेत्र व जनपद के किसान खुल रहे नए स्टोर के कारण अच्छे मूल्य और अच्छे भविष्य को लेकर आशावान हैं। इसी कड़ी में शनिवार को सहसवान रोड पर एक नए कोल्ड स्टोर का शुभारम्भ पूजन हुआ। इस दौरान क्षेत्र के किसान और प्रशासन से जुड़े लोग उपस्तिथ रहे। ग्राम भानपुर के मुखियाजी शीत गृह का 8 फरवरी को और बिसौली के निकट पनौड़ी में 11 फरवरी को डीके कोल्ड स्टोर का उद्घाटन होगा।

# बिल्सी में हाईवे पर ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत

संवाददाता, बिल्सी

- **भंडारे के लिए लकड़ी लेने जा रही थी ट्रैक्टर-ट्रॉली**

**अमृत विचार :** बिजनौर-बदायूं हाईवे स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने ट्रैक्टर से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान मूसाझाग थाना क्षेत्र गांव गुरुगांव निवासी मुकेश पुत्र दिलकुश के रूप में हुई है। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के गांव सतेती निवासी श्याम पाल ने बताया कि उनके गांव में भंडारे का आयोजन होना था। इसके लिए गांव के कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से लकड़ी लेने बिल्सी जा रहे थे। मुकेश इसी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार थे। जैसे ही ट्रैक्टर हाइवे पर आलोक कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंचा, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से मुकेश ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को बिल्सी के सीएचसी पहुंचाया।

जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुकेश लगभग दो महीने से सतेती गांव में अपनी बहन-बहनोई के घर रहे थे। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# अमेरिका व्यापार समझौते की प्रतियां फूंकीं


दातागंज में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रतियां जलाते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने शनिवार को दातागंज क्षेत्र के गांव कुंडरा खरसाई में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की प्रतियां जलाकर विरोध किया। कहा कि केंद्र सरकार का भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश से धोखा है।

यह देशहित में नहीं है। कृषि क्षेत्र में अमेरिका को आयात की छूट देने से भारत के किसानों को भारी नुकसान होगा। जिससे किसानों की कमर टूट जाएगी। कहा कि अमेरिका के दबाव में रूसी तेल की सस्ती आपूर्ति बंद कर अमेरिकी तेल खरीदने से महंगाई बढ़ेगी।

अमेरिका के लिए पूरा बाजार खोल देने से भारतीय इंडस्ट्री को भारी नुकसान होगा। यह समझौता व्यापारी, किसान, मजदूर, नौजवान समेत 140 करोड़ भारतीयों के खिलाफ है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, ओमवीर, विजय बहादुर, नवनीत यादव, विजय वीर, वीरभान यादव, झल्लू कश्यप, लज्जाराम कश्यप, अर्जुन सक्सेना, मनरूप यादव, हेमराज कश्यप, सुरजीत कश्यप, रजनेश यादव आदि मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने अभियान में किया 116 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **शनिवार को शहर से लेकर आसपास क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान**

**अमृत विचार :** नियमों को दरकिनार करके वाहन दौड़ाने वाले लोगों के खिलाफ एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम की कार्रवाई जारी है। ओवरलोडिंग, खनन, सीट बेल्ट न लगाने, हेलमेट न पहनने, गलत दिशा में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने पर 116 वाहनों का चालान किया गया है।

शनिवार को एआरटीओ ने शहर के अलावा आसपास क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। बिना सीट बेल्ट व हेलमेट, गलत दिशा में चलने आदि पर 107 वाहनों के चालान किए। ओवरलोड खनन पर तीन वाहनों को सीज करके म्याऊं पुलिस चौकी पर खड़ा कराया। अनाधिकृत रूप से सवारियां ढोने पर तीन और भारी ओवरलोडिंग पर तीन वाहनों को एआरटीओ कार्यालय में सीज किया गया। साथ ही ढाई लाख रुपये राजस्व जमा कराया है। शनिवार को एआरटीओ ने शहर के अलावा आसपास क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के अलावा एआरटीओ ने लोगों को जागरूक भी किया। कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# सिरासौल में नकब लगाकर दुकान से नगदी और देसी शराब की चोरी

- **दीवार में नकब लगाकर घुसे और 30 पेटी शराब व 30 हजार की नकदी चोरी**

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव सिरासौल में देसी शराब की दुकान में नकब लगाकर चोरी कर ली गई। चोर दुकान से लगभग 30 पेटी देसी शराब, 30 हजार रुपये की नकदी और एक स्कैनर मशीन चुराकर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।


चोरी सूचना पर मौके पर जानकारी करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

बिल्सी नगर के मोहल्ला संख्या आठ निवासी दुकान मालिक नेत्रपाल गुप्ता ने बताया कि सिरासौल स्थित उनकी देसी शराब की दुकान में शुक्रवार की रात के समय चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में नकब लगाया। इसके बाद अंदर घुसकर चोरों ने दुकान से चोरी कर ली। सुबह जब दुकान खोली तो चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। आसपास के लोगों से पूछताछ की। उप निरीक्षक रामसेवक सिंह राठौड़ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# अध्यक्ष पद पर दो नामांकन पत्र दाखिल किए

**दातागंज, अमृत विचार :** तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन तहसील दातागंज के वार्षिक चुनाव में शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए अजय कुमार गुप्ता एडवोकेट एवं कृष्ण पाल सिंह तोमर ने नामांकन पत्र दाखिल किये है।

सचिव पद के लिए संतोष यादव, उपाध्यक्ष प्रथम पद के लिए ओमपाल सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए पीयूष कुमार मौर्य, सह सचिव पद के लिए बहोरन सिंह यादव ने चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र पाल सिंह के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है । 9 फरवरी तक नामांकन होगे। प्रत्याशियों ने नामांकन के बाद अपने पक्ष में गोटिया बिछाने शुरू कर दी है। बार के चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही सरगर्मियां बढ़ गई है ।

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, कॉलेज ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **शनिवार को आयोजित किया गया द्रोपदी देवी कॉलेज वार्षिकोत्सव**

**अमृत विचार :** चंदौसी मार्ग स्थित द्रोपदी देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता नरेंद्र पाल सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री रजनी मिश्रा, मुख्य वक्ता पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख होडिल सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके आरंभ किया। कॉलेज व्यवस्थापक मनीष सिंघल, उपाध्यक्ष मदनलाल राजपूत, प्रधानाचार्य राम सिंह राजपूत व सतीश गंगवार ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। बच्चों ने गीत, लोकगीत, लघु नाटिकाएं, क्षेत्रीय भाषाओं में नृत्य, ब्रज क्षेत्र के गीतों पर मनमोहक नृत्य, सेना के शौर्य को प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

दर्शकों ने बहुत सराहा। बच्चों की रस्सा-कसी, कुर्सी दौड़, सुई धागा दौड़, अग्निचक, डम्बल योग व संतरा जीतो प्रतियोगिता हुई। नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष दीपमाला गोयल, अम्बरीश गोयल, वीरेन्द्र झां, अधिवक्ता संदीप मिश्रा, डॉ. मनवीर सिंह, रजनीश पटेल, अनेग पाल सिंह, वेदरत्न शर्मा, कालिका प्रसाद, माखन लाल राजपूत, तुलसीदास, कपिल कुमार, पूजा गुप्ता, पारूल, सपना, सुमन, अरुण, अतुल, शीतल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज मिश्रा ने किया।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# गर्मियों का असर, बढ़ रही खराब ट्रांसफार्मरों की संख्या

## कार्यशाला में एक माह में पहुंचे डेढ़ सौ खराब ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फरवरी महीना शुरू होते ही गर्मियों का असर दिखने लगा है। हाईडिल स्थित कार्यशाला में प्रतिदिन मरम्मत को दस से अधिक ट्रांसफार्मर आ रहे हैं। साथ ही कुछ पुराने ट्रांसफार्मरों की मरम्मत कर उन्हे दुरूस्त किया जा रहा है। अफसरों का कहना है कि खराब ट्रांसफार्मर की सूचना मिलने के चौबीस घंटे में दूसरा ट्रांसफार्मर मौके पर पहुंचाया जाएगा।

गर्मियों में बिजली विभाग की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। बिजली का लोड अधिक होने पर एक ओर ट्रांसफार्मर जलते हैं तो दूसरी ओर लाइन क्षतिग्रस्त होती हैं। ऐसे में बिना बिजली के उपभोक्ता परेशान रहते हैं। हर साल शासन स्तर से तमाम सुविधाएं उपभोक्ताओं को देने की बात कही जाती है मगर जिला स्तर के अधिकारियों की लापरवाही के चलते गर्मियों में लोगों को परेशान होना ही पड़ता है। इस बार शासन के निर्देश पर विभाग ने काम करने का तरीका बदल दिया है। विभागीय अधिकारियों की माने तो कार्यशाला में रखे लगभग तीन सौ ट्रांसफार्मर ठीक किए जाएंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले जले हुए ट्रांसफार्मरों को चौबीस घंटे में ठीक किया जाएगा। विभाग को आदेशित किया गया है कि ट्रांसफार्मर जलने की सूचना के चौबीस घंटे के अंदर दूसरा ट्रांसफार्मर रख जाना चाहिए। शिकायत मिलने पर जिम्मेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

अधिशासी अधिकारी प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि अब प्रत्येक दिन दस से अधिक खराब ट्रांसफार्मर ठीक होने को आ रहे हैं। जबकि कार्यशाला में रखे तीन सौ से अधिक ट्रांसफार्मर भी ठीक कराए जा रहे हैं। मंडलीय अधिकारी के निर्देशानुसार मरम्मत के कार्य में तेजी लाई गई है। यदि उनके क्षेत्र में कहीं पर भी ट्रांसफार्मर खराब होता है तो उसकी सूचना तत्काल दी जाए जिससे समय पर उसको ठीक कराया जा सके।



कार्यशाला में रखे मरम्मत को आए ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

### केबल बॉक्स होंगे बंद

बिजली विभाग को अनुरक्षण माह के तहत निर्देशित किया गया है कि शहरी क्षेत्र में जहां पर भी केबल बॉक्स खुले पड़े हैं उन्हे तत्काल बंद कराया जाए। जिससे छुट्टा पशुओं को करंट न लगे। स्थानीय लोगों को उससे कोई खतरा न रहे। केबल बॉक्स खुला मिलने पर संबंधित जेई और एसडीओ को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# अभिभावक-शिक्षक संवाद से संवरता है बच्चों का भविष्य

**बिल्सी, अमृत विचार :** शनिवार को बाबा इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पीजी से 12 तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने सहभागिता की। संगोष्ठी के दौरान शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रगति व प्रदर्शन रिपोर्ट अभिभावकों के साथ साझा की और घर पर बच्चों के अध्ययन में सहयोग देने के लिए उपयोगी मार्गदर्शन दिया।

बच्चों की शैक्षिक, मानसिक और व्यवहारिक उन्नति, अनुशासन तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय एवं निदेशक साधना वार्ष्णेय ने कहा कि सहयोग और समावेशी वातावरण से ही विद्यार्थी सफलता की ओर बढ़ते हैं। प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी ने अभिभावक-शिक्षक समन्वय को मजबूत शिक्षा की नींव बताया। अभिभावकों ने भी सुझाव रखे और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कहा कि इस संगोष्ठी में सभी अभिभावकों को आवश्यक रूप से आना चाहिए। इस मौके पर प्रशासक अमित माहेश्वरी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डीएम, एसएसपी ने सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने जन समस्याएं सुनी। इस मौके पर 66 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि वह शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय से निस्तारित कराएं।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि जरूरी है। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है।

इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। राजस्व विभाग, विद्युत, नगर पालिका परिषद, खाद्य एवं रसद विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पुलिस व अन्य विभाग संबंधी शिकायतों में पांच का निस्तारण हुआ। एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र सिंह साथ रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम और एसएसपी। ● अमृत विचार

### बिल्सी में दो शिकायतों का हुआ निराकरण

बिल्सी, अमृत विचार : तहसील बिल्सी सभागार में एसडीएम प्रेमपाल सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर यहां 16 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से दो का मौके पर निराकरण किया गया। साथ ही शेष शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। एसडीओ जयप्रकाश राजपूत, पूर्ति निरीक्षक धीरज गुप्ता, नायब तहसीलदार मोहित कुमार, बदन सिंह यादव, कोतवाल मनोज कुमार सिंह, हरपाल सिंह, ऋषिकांत उपाध्याय, विनोद कुमार साहू आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों की फेयरवेल पार्टी में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** मदरशील मेमोरियल अकादमी में कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के सम्मान में फेयरवेल पार्टी हुई। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों ने किया। जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल मैनेजर भारत थरेजा व प्रधानाचार्या रेनू थरेजा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने कक्षा 8 के विद्यार्थियों को तिलक लगाया तथा अध्यापकों ने बच्चों को बैज लगाकर स्वागत किया। कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों ने नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर माहौल को उल्लासमय बनाया। कार्यक्रम में फन गेम भी कराए गए। मिस एवं मिस्टर फेयरवेल में इशिता वर्मा और अथर्व राघव को चुना गया।



मिस एवं मिस्टर फेयरवेल।

# जूनियर्स ने दी सीनियर्स को विदाई, उपहार दिए

**बदायूं, अमृत विचार :** कस्बा सैदपुर के नूरी रजा मेमोरियल हायर सेकेंड्री स्कूल में हाईस्कूल परीक्षा में सम्मिलित हो रहे सीनियर छात्र-छात्राओं को जूनियर्स ने विदाई दी। उपहार भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि विद्यालय अध्यक्ष जाहिद हुसैन नूरी ने कहा कि मेहनत व लगन से ही कामयाबी हासिल होती हैं। लगन से परीक्षा की तैयारी करें। प्रधानाचार्य एसएच कुरैशी ने परीक्षा के दौरान सतर्कता बरतने के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन इकरार हुसैन ने किया। अनूप सक्सेना, रश्मि शर्मा, अब्दुल वाहिद हुसैन, फिरोज खां आदि मौजूद रहे।

# जन चौपाल में विधायक ने आम बजट को बताया विकासोन्मुखी

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा घोषित आम बजट के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से ब्लॉक मुख्यालय अंबियापुर परिसर में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरीश शाक्य ने जन चौपाल में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट विकसित एवं समृद्ध भारत-2047 की परिकल्पना को साकार करने वाला है। उन्होंने बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए किए गए प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य संजीव रूप, पूर्व पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सागर, मंगली राम शर्मा, नवनीत शाक्य, अजय तोमर, सभी मंडल अध्यक्ष, एडवोकेट विवेक राठी, कृष्ण पाल सिंह तोमर, खंड विकास अधिकारी शैली गोविल आदि उपस्थित रहे। संचालन मुनीष राघव ने किया।



संबोधित करते विधायक हरीश शाक्य।

# हर्रायपुर वालों ने अपने दम पर बनाया एक करोड़ का मंदिर, 13 को प्राणप्रतिष्ठ

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र के गांव हर्रायपुर के ग्रामीणों ने बिना किसी राजकीय सहयोग के आपसी सहयोग से लगभग एक बीघा में एक करोड़ का मंदिर बनाकर एक नई मिसाल स्थापित कर दी है।

गांव के प्रसादी लाल यादव चंडीगढ़ में होटल रेस्टॉरेंट के व्यापार में हैं उनकी भक्ति और इच्छाशक्ति के चलते ये उदाहरण स्थापित हो पाया है। इस दिव्य मंदिर को बनने में लगभग चार वर्ष का समय और लगभग एक करोड़ रुपए की लागत का अनुमान है। प्रसादी यादव का कहना था कि इसमें प्रभु कृपा और सभी का सहयोग रहा, मूर्ति स्थापना से पूर्व आज एक विशाल कलश यात्रा अनेक गांव से होकर निकाली, मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा 13 फरवरी को होगी। तब तक यहां हवन कीर्तन और कथाएं होंगी, प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन एक विशाल भंडारा भी होगा।



ग्रामीणों द्वारा तैयार किया गया मंदिर। ● अमृत विचार

# तहसीलदार ने पकड़ी अवैध खनन करने वाली ट्राली, सीज की

**उझानी, अमृत विचार :** शनिवार को बालू खनन की शिकायत पर पहुंचे तहसीलदार ने बालू लदे एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर सीज कर दिया जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। क्षेत्र में काफी समय से अवैध खनन का कारोबार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार पुलिस और संबंधित विभाग से शिकायत भी की मगर कार्यवाही नहीं की गयी। खनन करने वाले वाहनों से कई बार हादसे भी हो चुके हैं। फिर भी सख्त कार्यवाही नहीं की जाती है। आज ग्रामीणों की सूचना पर तहसीलदार ने थाना क्षेत्र में एक गांव के निकट सफेद बालू का खनन करके ला रहे एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया।

# सभी को ध्यान में रख बना है बजट : महेश

- कस्बा बिनावर में आयोजित की गई जन चौपाल

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र सालारपुर के कस्बा बिनावर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने केंद्र सरकार के बजट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

विधायक ने कहा कि केंद्र का बजट सभी वर्ग के लोगों के हित का ध्यान रखते हुए बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान एसआरआई की प्रक्रिया को चुनाव आयोग के द्वारा बनाए जाने की भी जानकारी दी। कहा कि कोई भी व्यक्ति वोट बनवाने से किसी कीमत पर नहीं रहना चाहिए। पार्टी के कार्यकर्ताओं को चुनाव आयोग की एसआईआर की प्रक्रिया में जुटने बात कही। संचालन आदेश शर्मा ने किया। सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर हेमंत मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव, ठाकुर धीरेंद्र सिंह, पंकज गुप्ता, रामचरन पाल, धर्म पाल सिंह, सतीश चंद्र, जितेंद्र सिंह, सुदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



कस्बा बिनावर में जन चौपाल को संबोधित करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

# सिरासौल में छुट्टा पशुओं ने सरसों की फसल की तबाह

